"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 50] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 12 दिसम्बर 2025—अग्रहायण 21, शक 1947

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 31 अक्टूबर 2025

क्रमांक ई 1-01/2025/एक-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री विनीत नंदनवार, भा.प्र.से. (2013), संचालक, भू-अभिलेख तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव, जनशिकायत एवं निवारण विभाग को बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 हेतु केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने के फलस्वरूप उनके स्थान पर निर्वाचन कार्यावधि तक डॉ. फरिहा आलम, भा.प्र.से. (2016), संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ संचालक, भू-अभिलेख का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्वेष घृतलहरे, उप-सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2025.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 4 नवम्बर 2025

क्रमांक 2780/एफ 12/03/2017/13/2.—यत:, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन हेतु सौर ऊर्जा नीति 2017-27 जारी की गई है. विगत कुछ वर्षों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव, लागत व्यय में कमी तथा बिजली के क्षेत्र में अपरंपरागत स्रोत आधारित बिजली के क्रय की अनिवार्यता हेतु विनियमों में परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में आगामी वर्षों में इस क्षेत्र में निवेश की बहुत अधिक संभावनाएं है. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा ग्रिड इंटरैक्टिव विकेन्द्रित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत हेतु बनाये गये विनियम एवं राज्य की औद्योगिक नीति में सौर ऊर्जा संयंत्रों हेतु निहित औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन आदि के प्रावधानों को राज्य की प्रभावशील सौर ऊर्जा नीति में समाहित किया जाना आवश्यक हो गया है. अत: राज्य में सौर विद्युत परियोजनाएं लगाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावी सौर ऊर्जा नीति की आवश्यकता महसूस की जा रही है.

और यत: सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन संयंत्रों के निर्माण में तेजी से तकनीकी उन्नयन होने से सौर ऊर्जा से उत्पादित विद्युत की लागत दर में लगातार कमी आ रही है. फलत: निजी क्षेत्र में केप्टिव यूज तथा बिजली की मांग एवं अंतर में कमी लाने के लिए पारंपरिक स्रोत आधारित बिजली के उत्पादन के विकल्प के रूप में सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना महत्वपूर्ण हो गई है. अत: लोकहित में राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 (यथासंशोधित) में व्यापाक संशोधन किया जाना आवश्यक एवं समीचीन है.

अतएव, राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 की कंडिका-15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त नीति की "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" में निम्नलिखित और संशोधन करती है, तो तत्काल प्रभावी होगी, अर्थात :—

संशोधन

उक्त नीति के "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" में,—

1. "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" की कंडिका-2 एवं उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात :—

"2. प्रचलन की अवधि :—
छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2017-30 दिनांक 31 मार्च 2030 तक अथवा नई सौर ऊर्जा नीति के जारी होने तक, जो भी पहले हो, की अवधि तक प्रभावशील रहेगी."

2. "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" की कंडिका-8 के सरल क्रमांक (अ) एवं उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(अ) छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2017-30 की प्रभावशील अवधि में स्थापित होने वाले सौर विद्युत उत्पादन संयंत्रों को औद्योगिक नीति में निहित औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त हो सकेगी जिसका भुगतान/समायोजन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा की जावेगी"

3. "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" की कंडिका-8 के सरल क्रमांक (द) के पैरा-एक एवं उससे संबंधित प्रविष्टियों विलोपित किया जाए.

4. "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" की कंडिका-9 के सरल क्रमांक (ब) एवं उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(ब) **व्हीलिंग और पारेषण प्रभार :—**
विक्रय हेतु व्हीलिंग और पारेषण प्रभार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाये गये विनियमों के अनुसार होंगे."

5. "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" की कंडिका-9 के सरल क्रमांक (स) एवं उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(स) **क्रास सब्सिडी प्रभार :—**
राज्य के भीतर किसी तीसरी पार्टी को बिजली विक्रय पर क्रास सब्सिडी के चार्जेस छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अधिसूचित रेग्युलेशन के अंतर्गत देय होगा."

6. "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" की कंडिका-9 के सरल क्रमांक (द) iv एवं उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"iv. प्रत्येक वित्तीय वर्ष में बैंकिग के तहत जमा की गई बिजली की यूनिट्स में से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से वापस प्राप्त की गई बिजली की यूनिटों के समायोजन उपरांत अतिशेष बिजली की यूनिटों का निपटारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी विनियम के प्रावधान अनुसार किया जा सकेगा."

7. "परिशिष्ट (यथासंशोधित)" की कंडिका-10 एवं उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"10. परियोजना के क्रियान्वयन हेतु समय सीमा :—
विकासकर्ता को आबंटित सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से 36 माह की अवधि में पूर्ण करना अपेक्षित है. परियोजना विकासकर्ता द्वारा उक्त अवधि में वृद्धि की मांग किये जाने पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा उपरांत ऊर्जा विभाग द्वारा वृद्धि की जा सकती है."

8. परिशिष्ट (यथासंशोधित) के शीर्षक में शब्द एवं अंक "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 (यथासंशोधित)" के स्थान पर शब्द एवं अंक "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-30" प्रतिस्थापित किया जाए"

9. परिशिष्ट (यथासंशोधित) के प्रस्तावना के (ज) के नीचे पैरा में शब्द एवं अंक "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 (यथासंशोधित)" के स्थान पर शब्द एवं अंक "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-30" प्रतिस्थापित किया जाए.

10. परिशिष्ट (यथासंशोधित) की कंडिका-1 से कंडिका-15 में शब्द एवं अंक "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 (यथासंशोधित)" के स्थान पर शब्द एवं अंक "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-30" प्रतिस्थापित किया जाए.

No. 2780/F-12/03/2017/13/2.—Whereas, the Chhattisgarh Government has issued Solar Energy Policy 2017-27 for harnessing renewable energy in the state of Chhattisgarh. In the last few years, in view of technological changes in the field of solar energy, reduction in cost expenditure and changes in regulations for mandatory purchase of electricity based on non-conventional sources in the field of electricity, there is a lot of scope for investment in this sector in the coming years. It has become necessary to incorporate the regulations made by the Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission for grid interactive decentralized renewable energy sources and the provisions of industrial investment incentives etc. contained in the industrial policy of the state for solar power plants in an effective solar energy policy of the state. Therefore, the need for an effective solar energy policy is being felt in the state of Chhattisgarh for setting up solar power projects in the state.

And whereas, due to rapid technological advancement in the construction of solar power generation plants, the cost of electricity produced from solar energy is continuously decreasing. As a result, setting up of solar power plants has become important as an alternative to conventional source based power generation to reduce the demand and gap of electricity and captive use in the private sector. Therefore, in the public interest, it is necessary and appropriate to make extensive amendments in the State's Solar Energy Policy 2017-27 (as amended).

Therefore, exercising the powers conferred by clause-15 of the State Solar Energy Policy 2017-27, the State Government, hereby, makes the following further amendments in the 'Annexure (as amended)' of the said policy, which will come into effect immediately, namely:-

Amendment

In the 'Annexure (as amended)' of the said policy, -

1/ For paragraph-2 of 'Annexure (as amended)' and the entries relating thereto, the following shall be substituted:, namely:-

"2. Period of operation:-

"Chhattisgarh State Solar Energy Policy, 2017-30" shall remain effective till 31st March 2030 or till the issuance of new Solar Energy Policy, whichever is earlier."

2/ In place of clause-8 of 'Annexure (as amended)', for serial number (a) and entries relating thereto, the following shall be substituted:, namely:-

"(a) Solar power generation plants to be set up during the effective period of "Chhattisgarh State Solar Energy Policy, 2017-30" shall be eligible for industrial investment incentives as contained in the Industrial Policy, which will be paid/adjusted by the Department of Commerce and Industry."

3/ Paragraph-one and related entries of serial number (d) of clause-8 of ' Annexure (as amended)' shall be deleted.

4/ In place of serial number (b) and entries relating thereto of clause-9 of 'Annexure (as amended)', the following shall be substituted:, namely:-

"(b) Wheeling and transmission charges:-

Wheeling and transmission charges for sale shall be as per the regulations framed by the Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission."

5/ In place of serial number (c) and entries relating thereto of clause-9 of 'Annexure (as amended)', the following shall be substituted:, namely:-

"(c) Cross subsidy charges:-

Cross subsidy charges on sale of electricity to any third party within the State shall be payable as per the notified regulations of the Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission."

6/ In place of serial number (d) iv of clause-9 of 'Annexure (as amended)', the following shall be substituted:, namely:-

"iv. The amount of electricity deposited under banking in each financial year after adjusting the units of electricity received back from Chhattisgarh State Electricity Distribution Company, the remaining units of electricity can be disposed of as per the provisions of the regulation issued by Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission."

7/ In place of clause-10 of 'Annexure (as amended)' and its related entries, the following should be substituted:, namely:-

"10. Time limit for implementation of the project:-

The solar energy power generation projects allotted to the developer are required to be completed in a time-bound manner within a period of 36 months. If the project developer demands an extention in the said period, the same can be extended by the Energy Department after reviewing the progress of the project."

8/ In the title of Annexure (as amended), for the words and figures **"Chhattisgarh State Solar Energy Policy 2017-27 (as amended)"**, the words and figures **"Chhattisgarh State Solar Energy Policy 2017-30"** shall be substituted.

9/ In the paragraph below (j) of the 'Introduction' of the Annexure (as amended), for the words and figures **"Chhattisgarh State Solar Energy Policy 2017-27 (as amended)"**, the words and figures **"Chhattisgarh State Solar Energy Policy 2017-30"** shall be substituted.

10/ In clause-1 to clause-15 of the Annexure (as amended), for the words and figures **"Chhattisgarh State Solar Energy Policy 2017-27 (as amended)"**, the words and figures **"Chhattisgarh State Solar Energy Policy 2017-30"** shall be substituted.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 4 नवम्बर 2025

क्रमांक 2782/एफ 12/03/2017/13/2.—राज्य सरकार के समसंख्यक आदेश क्रमांक 2780/एफ 12/03/2017/13/2 दिनांक 4-11-2025 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 में संशोधन जारी किया गया है. तदानुसार राज्य सरकार, एतद्द्वारा सौर ऊर्जा नीति, 2017-27 (यथासंशोधित) में उपरोक्त संशोधन को सम्मिलित कर आदेश क्रमांक 1909/एफ 12/03/2017/13/2 दिनांक 09-11-2020 को अधिष्ठित करते हुए संलग्न परिशिष्ट अनुसार "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-30" जारी करती है.

परिशिष्ट (यथासंशोधित–वर्ष 2025)

छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017–30

प्रस्तावना:–

(अ) पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति बढ़ रही वैश्विक जागरूकता के परिदृष्य में, कोयला आधारित ऊर्जा के पारंपरिक स्त्रोतों पर राज्य की निर्भरता के कम करना और अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों का अधिकाधिक उपयोग आवश्यक हो गया है। अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोत में सौर ऊर्जा महत्वपूर्ण स्थान रखता है। ऊर्जा सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण मे सामांजस्य रखते हुए, भविष्य में जीवाश्म आधारित ईंधन (Fossil fuel) के उपयोग पर निर्भरता को सुनियोजित तरीके से समाप्त करने तथा बिजली की मांग एवं आपूर्ति के अंतर को दूर करने के लिए निर्णायक रणनीतियों (Crucial Strategy) के तहत गैर परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोतों के उपयोग बढ़ावा देना आवश्यक हो गया है।

(ब) सौर ऊर्जा जो ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है, का वर्तमान में उपलब्ध क्षमता के अनुरूप उपयोग नहीं हो पा रहा है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्श 2014 में जवाहर लाल नहेरू राश्ट्रीय सोलर मिशन की घोषणा करते हुए भारत में प्रत्येक वर्ष के औसतन 300 धूप वाले दिनों में प्रतिदन 5.5 किलोवाट प्रति वर्ग मीटर की औसत दर से सौर विकिरण का उपयोग देश की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए पहल की गई है। उक्त योजना के प्रारंभिक परिणामों के आधार पर भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014 में देश में सोलर पार्क विकसित कर अल्ट्रमेगा सोलर पॉवर प्रोजेक्ट योजना के तहत 20 हजार मेगावाट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना लागू की गई। वर्ष 2017 में उक्त योजना के तहत स्थापित होने वाले सोलर पॉवर प्लांट के लक्ष्य को 20 हजार मेगावाट से बढ़ाकर 40 हजार मेगावाट किया गया।

(स) राज्य में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय की उक्त योजना को लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है जो भारत सरकार की सोलर पार्क विकसित कर अल्ट्रामेगा पॉवर प्लांट की स्थापना हेतु भारत सरकार की अधिकृत एजेंसी यथा सोलर एनर्जी कार्पोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से राज्य में उपलब्ध सौर विकरण के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रयासरत है।

(द) प्रकृति में सहजता से उपलब्ध सौर प्रकाश का दोहन कर सौर विकिरण आधारित सौर विद्युत क्षमता के विकास तथा पर्यावरण पर बदलाव के प्रभाव को नियंत्रित करने हेतु बड़ी संख्या में अल्ट्रामेगा सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना को प्रोत्साहित करना एक प्रभावी पहल है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के साथ–साथ ऊर्जा सुरक्षा की चुनौतियों का समाधान करने में सहायता मिलेगी।

(इ) छत्तीसगढ़ में सौर विकिरण की उच्च तीव्रता उपलब्ध होने से बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से भारत के प्रमुख सौर विद्युत उत्पादन केन्द्र के रूप में राज्य को विकसित करने की असीमित संभावनाएं है। सौर ऊर्जा उत्पादन हेतु असीमित संभावनाएं तथा राज्य की भौगोलिक स्थिति के कारण सौर उपस्कर उत्पादन का भविष्य भी बहुत उज्जवल है और इस क्षेत्र में निरंतर वृद्धि की भी संभावनाएं है। तदानुसार राज्य में सौर

ऊर्जा उत्पादन से संबंधित संयंत्रों के निर्माण इकाईयों की स्थापना के लिए अनुकूल एवं लाभप्रद स्थितियां विद्यमान हैं।

(फ) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन हेतु वर्ष 2012 में जारी नीति की वैधता 31 मार्च 2017 तक थी। विगत कुछ वर्षों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव, लागत व्यय में कमी तथा बिजली के क्षेत्र में अपरंपरागत स्त्रोत आधारित बिजली के क्रय की अनिवार्यता हेतु विनियमों में परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में आगामी 10 वर्षों में इस क्षेत्र में निवेश की बहुत अधिक संभावनाएं है अतः राज्य में आगामी 5 से 10 वर्षों में सौर विद्युत परियोजनाएं लगाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में भी नई नीति की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

(ह) छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड (CSPTCL) ने राज्य में मजबूत विद्युत पारेषण प्रणाली विकसित की गई है जिसके अंतर्गत 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. तथा 132 के. व्ही. की विद्युत लाइनें राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में उपलब्ध है। राज्य में विद्युत पारेषण की भविष्य की मांग को ध्यान में रखते हुए पारेषण प्रणाली में पर्याप्त क्षमता उन्नयन हेतु अधोसंरचना के कार्य प्रस्तावित हैं, जिससे दूरस्थ अंचलों में सौर पॉवर प्लांट की स्थापना कर उत्पादित बिजली का पारेषण सहजता से किया जा सकेगा।

(ज) राष्ट्रीय सोलर मिशन के तहत प्रदेश में अल्ट्रासोलर पॉवर प्लांट विकसित कर राज्य में सौर ऊर्जा की उपलब्ध क्षमता को आवश्यकता के अनुरूप विकसित करने के लिए राज्य सरकार एतद्वारा "छत्तीसगढ़ सौर ऊर्जा नीति 2017–2027" जारी की गई है। सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन संयंत्रों के निर्माण में तेजी से तकनीकी उन्नयन होने से सौर ऊर्जा से उत्पादित विद्युत की लागत दर में लगातार कमी आ रही है फलतः निजी क्षेत्र में केप्टिव यूज तथा बिजली की मांग एवं अंतर में कमी लाने के लिए पारंपरिक स्त्रोत आधारित बिजली के उत्पादन के विकल्प के रूप में सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना महत्वपूर्ण हो गई है। अतः राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017–27 में व्यापक संशोधन आवश्यक हैं।

तदनुसार राज्य सरकार एतद्वारा "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2017–30" जारी करती है।

1. उद्देश्यः–

राज्य सरकार द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ "छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2017–30" लागू करती है :–

(अ) विद्युत की बढती हुई मांग को पूरा करने के प्रयोजन एवं पर्यावरणीय और आर्थिक एवं दूरगामी योजना के तहत सौर ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन को प्रोत्साहित करना।
(ब) सौर विद्युत उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना ।
(स) राज्य में सौर उत्पादन क्षमताओं के विकास हेतु अनुकूल वातावरण निर्मित करना ।
(द) कोयले जैसे पारंपरिक तापीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता को क्रमशः कम करते हुए राज्य की दीर्घकालीन ऊर्जा की आवश्यकता की पूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा में योगदान करना।
(इ) प्रदेश के दूरस्थ व पहुंच विहीन क्षेत्रों में निवासरत् ग्रामीणों की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्थानीय (Stand Alone) आधार पर ग्रिड से पृथक सौर अनुप्रयोगों को प्रोत्साहित करना।
(प) सर्व प्रयोजन हेतु स्वच्छ ऊर्जा (clean energy) की पहुंच सुनिश्चित करना।
(फ) राज्य में विकेन्द्रीकृत उत्पादन और वितरण को प्रोत्साहित करना ।

(क) सौर ऊर्जा उत्पादन, निर्माण और संबंधित सहायक उद्योगों में बडे पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार संभावनाओं का सृजन करना ।
(ख) सौर ऊर्जा उत्पादन हेतु राज्य में उपलब्ध पड़त/गैर कृषि अनुपयोगी भूमि का प्रभावी उपयोग करना ।
(ग) इस क्षेत्र के लिए कुशल और अर्द्ध कुशल मानव संसाधन का विकास करना।
(घ) सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन से संबंधित अभिनव परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना।

2. प्रचलन की अवधिः–

"छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2017–30" दिनांक 31 मार्च 2030 तक अथवा नई सौर ऊर्जा नीति के जारी होने तक, जो भी पहले हो, की अवधि तक प्रभावशील रहेगी।

3. परियोजना विकासकर्ता हेतु पात्रताः–

कोई व्यक्ति, पंजीकृत कंपनी, केन्द्रीय और राज्य विद्युत उत्पादन और वितरण कंपनियां और सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के सौर विद्युत परियोजना विकासकर्ता (सौर फोटोवोल्टेक /सौर तापीय) और सौर विद्युत परियोजनाओं से संबंधित उपस्करों की निर्माणकर्ता इकाइयां और सहायक उद्योग, समय–समय पर यथासंशोधित विद्युत अधिनियम 2003 के अनुसरण में सौर विद्युत परियोजनाओं, चाहे वे केप्टिव उपयोग और/अथवा विद्युत के विक्रय के उद्देश्य से हो, को स्थापित करने हेतु पात्र होंगे ।

4. सोलर पॉवर प्लांट को दी जाने वाली सुविधाएंः–

अ) ग्रिड से सम्बद्ध सौर विद्युत परियोजना की स्थापना स्वयं के उपयोग के लिए अथवा राज्य के बाहर सीधे किसी उपभोक्ता/संस्था/लाइसेंसी को ओपन एक्सेस के तहत बिजली विक्रय के लिए की जा सकेगी। सौर ऊर्जा विद्युत परियोजना के विकासकर्ताओं को राज्य में स्वयं के उपयोग अथवा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर बिजली के विक्रय हेतु सौर विद्युत संयंत्र की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जावेगा।

ब) ग्रिड से सम्बद्ध सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन परियोजना को अक्षय ऊर्जा (सोलर) सर्टिफिकेट (Renewable Energy Certificate-REC) प्रणाली के माध्यम से बिजली क्रय की अनुमतिः–

राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादनकर्ताओं को सौर विद्युत संयंत्र स्थापित कर उत्पादित बिजली को आरईसी (सोलर) मैकेनिजिम के अंतर्गत अन्यंत्र बेचने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। सौर विद्युत उत्पादन संयंत्रों से उत्पादित बिजली का क्रय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा Renewable Purchase Obligation (अक्षय ऊर्जा क्रय प्रतिबद्धता–आरपीओ) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा समय–समय पर अधिसूचित रेग्युलेशन के तहत किया जा सकेगा। किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली की मांग एवं आपूर्ति की स्थिति के अनुसार बिजली क्रय हेतु अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

स) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग अथवा उपयुक्त विद्युत नियामक आयोग के अधिसूचित रेग्युलेशन के अंतर्गत राज्य के सौर ऊर्जा उत्पादनकर्ताओं को आरईसी (सोलर) सर्टिफिकेट विक्रय की अनुमति रहेगी।

द) सौर ऊर्जा नीति के अंतर्गत 01 किलोवाट या 01 किलोवाट से अधिक क्षमता के रूफटाप सोलर पॉवर प्लांट को ग्रिड कनेक्टीविटी की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

5. सौर पॉवर प्लांट के प्रकारः–

राज्य में स्थापित होने वाले सौर पॉवर प्लांट को निम्नानुसार 04 संवर्गो में चिन्हित किया जाएगाः–

(अ) संवर्ग–। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली के विक्रय हेतु आमंत्रित प्रतिस्पर्धा आधारित निविदा के अंतर्गत स्थापित होने वाले सोलर पॉवर प्लांट।

(ब) संवर्ग–।। राज्य में केप्टिव उपयोग अथवा राज्य के भीतर या राज्य के बाहर उपभोक्ताओं/लाईसेन्सी को ओपन एक्सेस के तहत बिजली बेचने हेतु स्थापित होने वाले पॉवर प्लांट।

(स) संवर्ग – ।।। राज्य में आरईसी– सोलर मैकेनिजिम (Solar Mechanism) के तहत स्थापित होने वाले सोलर पॉवर प्लांट ।

(द) संवर्ग–iv जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय सोलर मिशन के तहत स्थापित होने वाले सोलर पॉवर प्लांट।

6. लक्षित क्षमताः–

राज्य शासन में विभिन्न संवर्ग के सोलर पॉवर प्लांट हेतु निम्नानुसार क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना का प्रयास किया जाएगा ।

(अ) संवर्ग–। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली के विक्रय हेतु आमंत्रित प्रतिस्पर्धा आधारित निविदा के अतर्गत सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा आरपीओ के तहत बिजली के क्रय हेतु समय–समय पर अधिसूचित रेग्युलेशन के अनुरूप रहेगा।

(ब) संवर्ग – ।। राज्य द्वारा केप्टिव उपयोग अथवा राज्य के भीतर या राज्य के बाहर उपभोक्ताओ/लाइसेन्सी को ओपन एक्सेस के तहत बिजली बेचने हेतु एक ही स्थल पर स्थापित होने वाले पॉवर प्लांट हेतु न्यूनतम क्षमता 500 किलोवाट एवं अधिकतम क्षमता या एमएनआरई द्वारा राष्ट्रीय सोलर नीति, समय–समय पर संशोधित में उल्लेखित अधिकतम क्षमता के अनुरूप रहेगी।

(स) संवर्ग–।।। राज्य द्वारा आरईसी (सोलर) मैकनिजिम के तहत स्थापित होने वाले सोलर पॉवर प्लांट हेतु क्षमता की कोई सीमा नहीं रहेगी।

(द) संवर्ग–iv राज्य द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय सोलर मिशन के तहत स्थापित होने वाले सोलर पॉवर प्लांट को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

(इ) राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन संयंत्र एवं इनसे संबंधित विनिर्माण सुविधा के लिए सौर पार्क के विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। सौर पार्क में सभी सामान्य सुविधाएं जैसे उपयुक्त भूमि, जल की उपलब्धता एवं आंतरिक पहुंच हेतु सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जायेंगी। सौर पार्क में स्थापित सौर ऊर्जा विद्युत

उत्पादन संयंत्रों को ग्रिड से जोडने के लिए विद्युत पारेषण लाइनों की स्थापना राज्य के विद्युत नियामक आयोग द्वारा समय–समय पर अधिसूचित स्टेट ग्रिड कोड, कनेक्टिविटी तथा ओपन एक्सेस हेतु प्रभावशील रेग्युलेशन के तहत की जा सकेगी।

राज्य में चिन्हित किये गये स्थलों पर विकसित सौर पार्क में निजी निवेशकों द्वारा स्वयं के व्यय पर अथवा निजी–सार्वजनिक भागीदारी (PPP) में लागत मे हिस्सेदारी (Sharing) के आधार पर सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा।

7. भवनों की छत पर स्थापित होने वाली सौर विद्युत परियोजनाएं:–

भवनों की छत पर सौर विद्युत उत्पादन एक महत्वपूर्ण उदीयमान क्षेत्र है और राज्य सरकार इस निमित्त भारत सरकार के सहयोग से एक प्रायोगिक परियोजना प्रारंभ कर सकेगी। नवीन एवं नवीकरणीय स्त्रोत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रोत्साहन इस स्कीम के अंतर्गत परियोजना विकासकर्ताओं को उपलब्ध कराये जायेंगे।

8. छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन:–

(अ) छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017–30 की प्रभावशील अवधि में स्थापित होने वाले सौर विद्युत उत्पादन संयंत्रों को औद्योगिक नीति में निहित औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त हो सकेगी जिसका भुगतान/समायोजन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा की जावेगी।

(ब) विद्युत शुल्क में भुगतान से छूट:–

प्रत्येक सौर ऊर्जा विद्युत परियोजना द्वारा संयंत्र की स्वयं की खपत (ऑग्जलरी खपत) व राज्य के भीतर की गई केप्टिव खपत पर विद्युत शुल्क के भुगतान से छूट रहेगी। विद्युत शुल्क में भुगतान से छूट सौर ऊर्जा नीति के परिपेक्ष्य में मार्च 2030 तक स्थापित होने वाली परियोजनाओं के लिये प्रभावशील रहेंगी।

(स) औद्योगिक नीति में प्रावधानित प्रोत्साहन/रियायतों में समय–समय पर किये जाने वाले संशोधन यथा स्वरूप में सौर ऊर्जा नीति के अंतर्गत स्थापित होने वाले सौर विद्युत उत्पादन संयंत्रों पर लागू रहेंगें।

(द) यदि संयंत्र की स्थापना हेतु भूमि आवंटन लैण्ड बैंक के माध्यम से किया गया हो तो उक्त संयंत्र विकासकर्ता को संयंत्र की स्थापना भू–आधिपत्य प्राप्त करने के 01 वर्ष के भीतर किया जाना बंधनकारी होगा, अन्यथा की स्थिति में भू–आवंटन स्वमेश निरस्त समझा जावेगा।

यदि संयंत्र की स्थापना हेतु संयंत्र विकासकर्ता द्वारा निजी भूमि का क्रय नीति में निहित रियायतों का सुविधा प्राप्त कर किया गया हो तो उक्त भू–आधिपत्य प्राप्त करने की तिथि के 01 वर्ष के भीतर संयंत्र की स्थापना हेतु कार्यवाही किया जाना आवश्यक होगा। उक्त अवधि में संयंत्र स्थापना की कार्यवाही नहीं करने पर भूमि के क्रय हेतु प्राप्त की गई समस्त रियायतों की वापसी निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात 06 माह की समय–सीमा में किया जाना अनिवार्य होगा एवं भूमि का क्रय अनुबंध निरस्त कर उक्त भूमि विक्रेता को निःशर्त वापस किया जाना होगा। 06 माह के पश्चात रियायत की वापसी योग्य राशि भू–राजस्व वसूली अधिनियम के तहत मय ब्याज वसूली योग्य समझी जावेगी।

(इ) छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2017–30 के अंतर्गत रियायतें प्राप्त कर स्थापित की गई सौर विद्युत उत्पादन संयंत्रों का संचालन संयंत्र के जीवन काल अर्थात: वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि से 25 वर्ष तक किया जाना आवश्यक होगा। संयंत्र का संचालन निर्धारित अवधि के पूर्व बंद करने की स्थिति में संयंत्र विकासकर्ता द्वारा प्राप्त की गई रियायतों का भुगतान/वापसी राज्य शासन को करना होगा।

9. अतिरिक्त प्रोत्साहन:–

(अ) **तृतीय पक्ष विक्रय हेतु खुली पहुंच (Open Access)**:–

यदि किसी विकासकर्ता को खुली पहुंच की अनुमति प्रदान की जाती है तो वह राज्य के बाहर तृतीय पक्ष को विद्युत के विक्रय हेतु राज्य विद्युत नियामक आयोग या केन्द्रीय नियामक आयोग द्वारा समय–समय पर Open Access Charges (प्रयोज्य खुली छूट प्रभार) और हानियों का भुगतान ओपन एक्सेस आवेदक द्वारा विद्युत ट्रांसमिशन/डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेन्सी जो भी लागू हो को करेगा।

(ब) **व्हीलिंग और पारेषण प्रभार**:–

विक्रय हेतु व्हीलिंग और पारेषण प्रभार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाये गये विनियमों के अनुसार होंगे।

(स) **क्रास सब्सिडी प्रभार**:–

राज्य के भीतर किसी तीसरी पार्टी को बिजली विक्रय पर क्रास सब्सिडी के चार्जेस छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अधिसूचित रेग्युलेशन के अंतर्गत देय होगा।

(द) **राज्य के सोलर प्लांट्स को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में शतप्रतिशत बैंकिंग की सुविधा निम्न शर्तो के अधीन रहेगी:–**

i. प्रत्येक वित्तीय वर्ष में बैंकिंग के तहत जमा बिजली की यूनिटों का सत्यापन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

ii. बैंकिंग के तहत जमा की गई बिजली की यूनिटों की वापसी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा समय–समय पर इस हेतु अधिसूचित विनियम के अधीन प्रशासित रहेगी।

iii. प्रत्येक वर्ष के अलग–अलग माह हेतु "Peak" एवं "Off peak" अवधि में बैंकिंग चार्जेस छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचित विनियमों के अनुसार होंगे।

iv. प्रत्येक वित्तीय वर्ष में बैंकिंग के तहत जमा की गई बिजली की यूनिट्स में से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से वापस प्राप्त की गई बिजली की यूनिटों के समायोजन उपरांत अतिशेष बिजली की यूनिटों का निपटारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी विनियम के प्रावधान अनुसार किया जा सकेगा।

v. ऐसे औद्योगिक संस्थान जो राज्य की सोलर नीति के अंतर्गत संवर्ग–ii अथवा iii में वर्गीकृत है को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से अनुबंधित मांग पर विद्युत क्रय कर रहा है, इनकी एनर्जी एकाउंटी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक

आयोग द्वारा अधिसूचित रेगुलेशन यथा **Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Intra State availability based tariff and ceviation settlement mechanisum) Regulation, 2016** अथवा इस हेतु समय–समय पर अधिसूचित रेग्युलेशन के अधीन प्रशासित रहेगा।

vi. राज्य के नीति के अंतर्गत स्थापित सोलर पॉवर प्लांट्स को विद्युत अधिनियम 2003 के तहत जारी आदेश/निर्देश एवं छ0रा0 विद्युत नियामक आयोग द्वारा समय–समय पर जारी रेग्युलेशन की शर्तो के अधीन राज्य के भीतर अथवा राज्य के बाहर बिजली के विक्रय की अनुमति रहेगी।

(इ) **अक्षय ऊर्जा प्रमाण पत्र (REC)**:–

ऊपर कंडिका 4 (अ) व 4 (ब) के अंतर्गत स्थापित प्रत्येक परियोजना को अक्षय ऊर्जा प्रमाण पत्र (REC) लाभ प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। ऐसे सौर विद्युत उत्पादक को स्वयं के एकमेव (Dedicated) ग्रिड में स्वयं के उपयोग हेतु डाली गई (Inject) विद्युत पर राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत आरईसी के लाभ की पात्रता रहेगी।

(फ) **ग्रिड संयोजकता और उसमें विद्युत संयोजन की सुविधा:–**

सौर विद्युत संयंत्र से उत्पादित विद्युत को ग्रिड संहिता की शर्तो के अधीन निकटतम छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण/वितरण लाइसेंसी के सब स्टेशन में इंजेक्ट करने की सुविधा रहेगी। विद्युत के पारेषण हेतु सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन संयंत्र के स्वीच यार्ड से ग्रिड उपकेन्द्र (सब स्टेशन) जो कि अंतर संयोजन बिन्दु (इंटर कनेक्शन पाईंट) है, तक विद्युत लाइन की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य की पारेषण कंपनी या वितरण कंपनी द्वारा परियोजना विकासकर्ता के व्यय पर की जायेगी।

यदि परियोजना विकासकर्ता स्वयं के व्यय पर विद्युत पारेषण लाइन की स्थापना करना चाहता है, तो ऐसी स्थिति में उसे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को नियमानुसार देय परिवेक्षण शुल्क का भुगतान कर, राज्य की ट्रांसमिशन/वितरण कंपनी के पर्यवेक्षण में अथवा बिना पर्यवेक्षण शुल्क का भुगतान करने पर स्वयं के पर्यवेक्षण में लाइन की स्थापना का विकल्प होगा। लेकिन परियोजना विकासकर्ता को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन/डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उत्पादित विद्युत के पारेषण हेतु राज्य की पारेषण/वितरण प्रणाली में तकनीकी क्षमता की उपलब्धता की पुष्टि प्राप्त कर स्वयं के व्यय पर लाइन निर्माण की अनुमति रहेगी। इस हेतु राज्य की पारेषण/वितरण कंपनी द्वारा यथास्थिति विद्युत पारेषण/वितरण प्रणाली में तकनीकी क्षमता की उपलब्धता की पुष्टि, आवेदन प्राप्त होने के 30 कार्य दिवस में किया जाएगा।

(ग) **ग्रिड संयोजित परियोजना के लिये भूमि**:–

सौर विद्युत उत्पादन संयंत्रों की स्थापना हेतु भूमि की उपलब्धता राज्य की औद्योगिक नीति में अधोसंरचना विकास एवं औद्योगिक भूमि प्रबंधन के प्रावधान अनुसार की जावेगी। केप्टिव सौर विद्युत उत्पादन संयंत्रों की स्थापना हेतु भूमि राज्य की औद्योगिक नीति के अंतर्गत चिन्हित भूमि बैंक के आवंटन के समय प्राथमिकता दी जावेगी।

शासन द्वारा निजी भूमि अधिग्रहित कर उपलब्ध कराने की दशा में इससे संबंधित राज्य की आदर्श पुनर्वास नीति लागू होगी। सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना हेतु वैधानिक स्वीकृतियों/अनुमतियों को प्राप्त करने का दायित्व परियोजना विकासकर्ता पर होगा।

(झ) **अक्षय ऊर्जा क्रय प्रतिबद्धता (RPO)**:–

विद्युत वितरण कंपनी प्रतिस्पर्धात्मक खुली निविदा से निर्धारित विद्युत दरों के अनुसार अक्षय ऊर्जा क्रय प्रतिबद्धता (RPO) हेतु विद्युत का क्रय करेगी। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सुविधा अनुसार अक्षय ऊर्जा प्रमाण पत्र (REC) प्रणाली के तहत उपयुक्त आयोग द्वारा समय–समय पर स्वीकृत विद्युत की संयुक्त (पूल्ड) लागत दरों पर ऐसा क्रय किया जा सकेगा।"

10. परियोजना के क्रियान्वयन हेतु समय सीमाः–

विकासकर्ता को आबंटित सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से 36 माह की अवधि में पूर्ण करना अपेक्षित है। परियोजना विकासकर्ता द्वारा उक्त अवधि में वृद्धि की मांग किये जाने पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा उपरांत ऊर्जा विभाग द्वारा वृद्धि की जा सकती है।

11. जीवाश्म ईंधन के उपयोग पर प्रतिबंधः –

सौर विद्युत संयंत्र में किसी भी तरह के जीवाश्म आधारित ईंधन कोयला, गैस, लिगनाईट, नेपथा, लकड़ी आदि का उपयोग करना प्रतिबंधित रहेगा। यदि सोलर थर्मल संयंत्र किसी इकाई के परिसर में स्थापित होता है तो इसे पूर्व से स्थापित जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत संयंत्र से भौतिक रूप से पृथक परिसर में रखना होगा।

12. नोडल एजेन्सी (संपर्क अभिकरण) की भूमिकाः–

नोडल एजेन्सी (संपर्क अभिकरण), परियोजना विकासकर्ताओं को सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध करायेगा और इस नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित गतिविधियां संचालित करेगाः–

